## मुंबई पत्तन प्राधिकरण
## 6 जुलाई 2023 को आयोजित बैठक संख्या 4 में बोर्ड के संकल्प.

| अनु. क्र. | बी.आर. संख्या | विषय | पारित संकल्प | विभाग/ प्रभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 46 | संविदा आधार पर मास्टर प्लानिंग कक्ष में योजनाकारों तथा शहरी डिजायनरों की नियुक्ति. | बोर्ड ने स्थापत्य अभियांत्रिकी विभाग के मास्टर प्लानिंग कक्ष में उप योजनाकार की एक रिक्त जगह के स्थान पर शहरी डिजायनर की एक जगह के प्रचालन हेतु कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया. | सामान्य प्रशासन |
| 2. | 47 | अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष कार्य अधिकारी (कनिष्ठ) की नियुक्ति - श्री अशोक व्ही शिंदे, विशेष कार्य अधिकारी (कनिष्ठ) की संविदा का विस्तार. | बोर्ड ने श्री अशोक व्ही शिंदे, विशेष कार्य अधिकारी (कनिष्ठ) को उनके वर्तमान समेकित पारिश्रमिक अर्थात 63,000रु. प्रति माह में वृध्दि किए बिना उनकी संविदा को आगे एक वर्ष की अवधि के लिए एक दिन का ब्रेक देकर अर्थात 7.6.2023 से 6.6.2024 तक विस्तारित करने के लिए कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया. | सामान्य प्रशासन |
| 3. | 48 | रो-पाक्स/यात्री फेरी प्रचालनों/जहाजों हेतु पोर्ट तथा जहाज संबंधित प्रभारों में छूट तथा वरीयता बर्थिंग - संबंधी | बोर्ड ने निम्नलिखित को अनुमोदन प्रदान किया :<br>(i) मंत्रालय के निदेशों को देखते हुए, रो-पाक्स / यात्री फेरी प्रचालनो को 21.1.2024 तक पोर्ट तथा जहाज संबंधित प्रभारों में छूट प्रदान करना.<br>(ii) M2M द्वारा मुहैया किए गए प्रतिदिन दरों तथा डाटा को मानिटर करना तथा मुहैया किए गए डाटा का वित्तीय सलाहकार तथा मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा मिलान किया जाना.<br>(iii) लंबित देयों का तत्काल निपटारा करने हेतु M2M को नोटिस जारी करना और निपटारा न होने पर कारण बताओ नोटिस में पर्याप्त समय प्रदान करके M2M के प्रचालनों को रोकना. | समुद्री |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | 49 | "बॅलार्ड इस्टेट स्थित मुंपप्रा के बोर्ड रुम, कॉंफ्रेंस हॉल, उपाध्यक्ष का बैठक कमरा तथा कुलाबा स्थित अतिथि गेस्ट हाउस को फिर से चमकाने तथा नया रुप देने हेतु वास्तुकार/परामर्शदाता की नियुक्ति" के कार्य हेतु दिनांक 17.2.2023 का कोटेशन संख्या सीई.0/1-1/5607 - न्यूनतम दर-प्रस्ताव का स्वीकार. | बोर्ड ने नोट के पैरा 9 में दिए गए मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 5. | 50 | निविदा संख्या 47-2020-<br>वर्ष 2021-23 से तीन वर्ष के लिए मुंबई पोर्ट के प्रवेश चॅनलों, घुमाव सर्किलों, बाहरी पोतघाटों, इंदिरा गोदी बेसिन, बंदर क्षेत्रों तथा लंगरगाहों में अनुरक्षण निकर्षण - जे3 लंगरगाह में अतिरिक्त निकर्षण. | बोर्ड ने नोट के पैरा 9 में दिए गए मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 6. | 51 | 'डी' शेड, ग्रेन डिपो स्थित पिंजरा तथा कार्यालय ढाँचे को ढहाना. | बोर्ड ने रेल जनित माल के भंडारण हेतु जगह का इष्टतम उपयोग होने के लिए 'डी' शेड, ग्रेन डिपो स्थित पिंजरा तथा पुराने कार्यालय ढाँचे को ढहाने के मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 7. | 52 | नए ओआईएसडी दिशानिर्देशों के अनुसार पिरपाव टर्मिनल स्थित अग्निशमन प्रणाली का आवर्धन - पिरपाव पोतघाटों के लिए नए सामायिक पंप घर तथा विद्युत कमरा के निर्माण हेतु विस्तृत अभियांत्रिकी. | बोर्ड ने नोट के पैरा 12 में दिए गए मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 8. | 53 | निविदा संख्या सीई.जेडी-5 (यांत्रिकी कार्य)/2017 :<br>मुंबई बंदरगाह में जवाहर द्वीप स्थित पाँचवे तेल घाट (जेडी 5) की परियोजना के लिए यांत्रिकी, पाइपिंग, विद्युत तथा अग्निशमन कार्य - अंतिम समय विस्तारण. | बोर्ड ने कीमत घटाने का दंड लगाए बिना [अर्थात एल.डी. (निर्धारित हानिपूर्ति) के बिना] तथा दोनो पक्षों पर कोई वित्तीय निहितार्थ के बिना ऑफशोर इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. को 26.11.2022 तक समय का विस्तार प्रदान करने की परिवर्तन समिति की सिफारिश को अनुमोदन प्रदान करने हेतु दिए गए मुख्य यांत्रिक अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | यांत्रिक तथा विद्युत अभियांत्रिकी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | 54. | सीई.जेडी-5 (पाइपलाइन तथा टर्मिनल कार्य)/2017 : जवाहर द्वीप स्थित पाँचवे तेल घाट के निर्माण हेतु ऑफशोर/ऑनशोर पाइपलाइन तथा टर्मिनल कार्य.<br>-अधिक/अतिरिक्त मदों को तथा समय के विस्तारण को अनुमोदन. | बोर्ड ने परिवर्तन समिति की निम्नलिखित सिफारिशों हेतु मुख्य यांत्रिक अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया :<br>(i) उक्त पैरा 6 तथा 7 में यथा उल्लिखित ₹1,09,28,230 की राशि की अधिक/अतिरिक्त मदें ; तथा<br>(ii) उक्त पैरा 11 तथा 12 में यथा वर्णित संविदा की शर्तों तथा निबंधनों के अनुसार एल.डी. (निर्धारित हानिपूर्ति) के रूप में ₹643.75 की कटौति के साथ संविदाकार के हिस्से में 20.8.2020 से 5.9.2020 तक 17 दिनों के विलंब के साथ 5.9.2020 तक अंतिम समय विस्तारण. | यांत्रिक तथा विद्युत अभियांत्रिकी |
| 10. | 55 | मुंबई पत्तन के 14 व्हिक्टोरिया गोदी तथा 10 इंदिरा गोदी स्थित चिन्हांकित क्षेत्र के भीतर अपतटीय गतिविधियों हेतु अर्थात सुविधाओं, पोतभार सम्हलाई उपकरणों के संस्थापन के साथ या उनके बिना भंडारण/पोतभार प्रचालन के लिए खुली/छतदार जगह के आबंटन हेतु निविदा - निविदा संख्या टीएम/आईडी/03/ 2019. | बोर्ड ने नोट के पैरा 13 में दिए गए यातायात प्रबंधक के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | यातायात |
| 11. | 56 | छीलने की गतिविधियों को चलाने हेतु ससून गोदी स्थित एम, एन तथा सी शेडों का लाईसेंस आधार पर आबंटन करने के लिए संशोधित लाइसेंस फीस का नियतन. | बोर्ड ने नोट के पैरा 14 में दी गई भूमि आबंटन समिति की सिफारिशों को अनुमोदन प्रदान करने के यातायात प्रबंधक के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | यातायात |
| 12. | 57 | 2 वर्षों की अवधि के लिए गोदियों में स्वच्छता के रखरखाव हेतु एकल निविदा - इस के लिए प्राक्कलन को मंजूरी. | बोर्ड ने नोट के पैरा 7 में दिए गए यातायात प्रबंधक के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया. | यातायात |
| 13. | 58 | मुंबई पत्तन के 14 व्हिक्टोरिया गोदी स्थित चिन्हांकित क्षेत्र के भीतर अपतटीय गतिविधियों हेतु अर्थात सुविधाओं, पोतभार सम्हलाई उपकरणों के संस्थापन के साथ या उनके बिना भंडारण/पोतभार प्रचालन हेतु 1000 चौ. मीटर मापन की खुली जगह के आबंटन के लिए विस्तार - आबाद इंडिया अशोअर बेस रिसोर्सेस का आबंटन के विस्तार हेतु अनुरोध. | बोर्ड ने नोट के पैरा 7 में दी गई शर्तों के अनुपालन पर लाईसेंस को 6 महीनों की अवधि के लिए अथवा नई निविदा को अंतिम रुप दिए जाने तक इस में से जो भी पहले हो विस्तारित करने के यातायात प्रबंधक के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया. | यातायात |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | 59 | मुंपप्रा के मुंबई अंतर्राष्ट्रिय क्रूज टर्मिनल स्थित डयुटी फ्री शॉप को स्थापित करने हेतु लाईसेंस आधार पर 3 जगहों के आबंटन के लिए ई निविदा-सह-ई-नीलामी - निविदा संख्या टीएम/आईडी/02/ 2022. | बोर्ड ने नोट के पैरा 16 में दिए गए यातायात प्रबंधक के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | यातायात |
| 15. | 60 | खुली निविदा-सह-नीलामी के जरिए दीर्घावधि पट्टे के आधार पर मॅलेट बंदर स्थित रिक्त एसटीसी भूखंड के आबंटन हेतु वार्षिक किराया मूल्य का नियतन - वार्षिक किराया मूल्य का नियतन. | बोर्ड ने नोट के पैरा 10 में दिए गए मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 16. | 61 | खुली निविदा-सह-नीलामी के जरिए दीर्घावधि पट्टे के आधार पर नए शिवडी वेयरहाउस तथा आसपास के खुले क्षेत्र के आबंटन हेतु वार्षिक किराया मूल्य का नियतन - वार्षिक किराया मूल्य की समीक्षा. | बोर्ड ने नोट के पैरा 11 में दिए गए मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 17. | 62 | खुली निविदा-सह-नीलामी के जरिए दीर्घावधि पट्टे के आधार पर पिर पाव स्थित त्रिकोणाकार भूखंड में (पुराने पिर पाव पोतघाट के समीप) द्रव बल्क/पीओएल की सम्हलाई के लिए टैंकेजों को स्थापित करने तथा आबंटन के लिए दरों का नियतन. | बोर्ड ने नोट के पैरा 10 में दिए गए मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 18. | 63 | मध्यस्थता मामला : एमटी "सोंगा टोपाझ", नए पिर पाव स्थित निर्माणाधीन द्वितीय रसायन पोतघाट को क्षति - कारोबार हानि दावा. | बोर्ड ने वित्तीय सलाहकार तथा मुख्य लेखा अधिकारी के प्रस्ताव को दिनांकित 17.4.2023 के मध्यस्थता अधिनिर्णय का स्वीकार किया जाए तथा गैर-संपोषणीयता के कारण माध्यस्थम तथा सुलह अधिनियम 1996 की धारा 34 के अंतर्गत अपील न किया जाए को अनुमोदन प्रदान किया. | वित्त |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19. | 64 | निविदा संख्या ई-10ए/2017 - इंदिरा गोदी, मुंबई स्थित वर्तमान मुंबई अंतर्राष्ट्रिय क्रूज टर्मिनल (एमआईसीटी) का आधुनिकीकरण - जीएसटी छूट संबंधी. | बोर्ड ने वित्तीय सलाहकार तथा मुख्य लेखा अधिकारी के प्रस्ताव को निम्नानुसार अनुमोदित किया :-<br>(i) पहले कटौति किए गए 10.8% के बजाय 6.857% के दर से जीएसटी छूट की कटौति (अर्थात वैट 4.919% + एसटी 1.938%) का विचार करें तथा टैक्स इनवायसों के प्रस्तुतीकरण के बाद मेसर्स बेल्हेकर एण्ड काले असोसिएटस् जेव्ही को फर्क की राशि लौटाएँ.<br>(ii) फर्क की राशि का अभिकलन गोखले एण्ड साठे परामर्शदाता द्वारा उनको प्रदान की गई कार्य की व्याप्ति के अनुसार किया जाना है. तद्नुसार, परामर्शदाता द्वारा यथा प्रस्तुत फर्क की राशि को दर्शानेवाला विवरण यथा समय पटल कागजात के रुप में बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा;<br>(iii) मुख्य अभियंता सतर्कता विभाग को सूचित करेगा कि वह बोर्ड का निर्णय सीटीई को सूचित करें तथा बोर्ड के संकल्प की प्रतिलिपि संविदाकार बीकेए को भी अग्रेषित करें. | वित्त |
| 20. | 65 | संविदा श्रमिकों को नि:शुल्क प्रथमोपचार तथा सीपीआर प्रशिक्षण. | बोर्ड ने नोट के पैरा 7 में दिए गए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | चिकित्सा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21. | 66 | मुंबई पत्तन प्राधिकरण लाभार्थियों को उपचार प्रदान करने हेतु क्रेडिट सुविधा पाने के लिए सीजीएचएस दरों के अनुसार निजी अस्पतालों, अनन्य नेत्र अस्पतालों / केंद्रों, अनन्य दंत्य क्लिनिकों को नामिका सूची पर रखने के लिए प्रस्ताव. | बोर्ड ने नोट के पैरा 12 में दिए गए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रस्ताव को निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया :-<br>(i) जिन्होंने मुंपप्रा के रोगियों को सीजीएचएस दरों के अनुसार क्रेडिट आधार पर तथा एचबीओटी के लिए प्रति सीटिंग रु.2650 के अस्पताल दर से उपचार प्रदान करने की शुरूआत के पश्चात एक वर्ष पूर्ण किया है ऐसे अस्पतालों को नामिका सूची पर रखना.<br>(ii) जो अस्पताल मुंपप्रा के रोगियों को सीजीएचएस दरों के अनुसार क्रेडिट आधार पर तथा एचबीओटी के लिए प्रति सीटिंग रु.2650 के अस्पताल दर से उपचार प्रदान करने की शुरुआत के पश्चात जब कभी एक वर्ष पूर्ण करेंगे तब उनको नामिका सूची पर रखना.<br>(iii) नोट के पैरा 5 में सूचीबध्द दो अस्पतालों को मुंपप्रा की नामिका सूची से बाहर कर देना.<br>(iv) सीजीएचएस जब भी मुंबई शहर के लिए अपने दरों में संशोधन करेगा तब सीजीएचएस दरों में संशोधन करके कार्यान्वित करना. | चिकित्सा |
| 22. | 67 | मुंपप्रा अस्पताल में निविदा प्रक्रिया को अपनाए बिना नामांकन आधार पर लगभग रु.15 करोड प्रति वर्ष की अनुमानित लागत पर आरंभ में कम से कम 5 वर्ष की अवधि के लिए तथा बाद में 15 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए विस्तारणीय एक आपूर्ति पॉईंट/डिपो की स्थापना , अनुरक्षण तथा प्रचालन हेतु मेसर्स हिंदुस्तान लाईफकेयर लिमिटेड, भारत सरकार का उद्यम (स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण केंद्रीय मंत्रालय के सीधे प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन तथा कंपनी अधिनियम,1956 के अंतर्गत एक कंपनी के रुप में पंजीकृत) के जरिए मुंपप्रा अस्पताल औषधालय (फार्मसी) के लिए दवाईयों, उपभोज्यों तथा रोपों के प्रापण का आउटसोर्सिंग. | विचारविमर्श अस्थगित. | चिकित्सा |
| 23. | 68 | ओसीटी बोया के मुंबई पत्तन लंगरगाह स्थित आंग्रिया पोत का तैरते होटल के रुप में प्रस्तुतिकरण. | बोर्ड ने किसी लॉयल्टी प्रभारों की उगाही किए बिना नोट के पैरा 23 में दिए गए यातायात प्रबंधक के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया. | यातायात |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24. | 69 | 1.8.2023 से 31.7.2028 तक 5 वर्षों के लिए 1323 (2000 तक) उपयोगकर्ताओं हेतु ई-ऑफिस-लाईट (ई-फाईल) का नवीयन, रेलटेल डाटा सेंटर (प्रायमरी तथा रिमोट) स्थित अवसंरचना (क्लाउड सेवाएँ) तथा रेलटेल डाटा सेंटर (प्रायमरी तथा रिमोट) स्थित व्यावसायिक प्रबंधन सेवाओं का परिनियोजन. | बोर्ड ने नोट के पैरा 13 में दिए गए मुख्य यांत्रिक अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | यांत्रिक तथा विद्युत अभियांत्रिकी |
| 25. | 70 | निविदा संख्या सीई.प्रोजेक्ट/एनएफजे/2023-मॅलेट बंदर, मझगाँव स्थित पहुँच घोडी के साथ नई मत्स्य जेट्टी का निर्माण. | बोर्ड ने मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया -<br>(i) निम्नतम बोलीकर्ता, कारगवाल कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. (L1) का ₹102,88,88,313.97 राशि का संशोधित निम्नतम दर प्रस्ताव (यथा अनुमानित) स्वीकार करना, जो निविदा में लगायी गई लागत के 19.5% उपर है.<br>(ii) नोट के पैरा 13 में यथा वर्णित प्राप्त हुए निम्नतम दर प्रस्ताव पर आधारित 18% जीएसटी तथा 3% आकस्मिकताओं को सम्मिलित कर ₹125,05,10,856.79 राशि के विस्तृत संशोधित लागत प्राक्कलन को मंजूर करना.<br>(iii) संशोधित लागत प्राक्कलन को मंत्रालय का अनुमोदन प्राप्त करना.<br>(iv) शेष राशि के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय तथा सागरमाला, पत्तन पोतपरिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से वित्त पोषण हेतु अनुरोध करना.<br>(v) निम्नतम L1 बोलीकर्ता से बोली की वैधता 4 महीनों के लिए बढाना. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |
| 26. | 71 | व्हीटीएस का आवर्धन/प्रतिस्थापन निविदा संख्या एमईईडी.08.2019 - कुलाबा कनेक्टिविटी को स्थापित करने हेतु फ्रीबँड एमडब्ल्यू लिंक को एसडीएम इंदिरा गोदी से जवाहर द्वीप व्हीटीएस साईट में स्थानांतरित करना. | बोर्ड ने नोट के पैरा 10 में दिए गए मुख्य यांत्रिक अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | यांत्रिक तथा विद्युत अभियांत्रिकी |
| 27. | 72 | मुंपप्रा में संविदा आधार पर तकनीकी परामर्शदाता (आईटी) की नियुक्ति-संविदा का विस्तार - संबंधी. | बोर्ड ने श्री. संजय जोगलेकर, तकनीकी परामर्शदाता (आईटी) की संविदा को उसी शर्तों तथा निबंधनों पर ₹1,25,000 प्रति माह के 5% के दर से वेतनवृध्दि के साथ आगे एक वर्ष की अवधि अर्थात 24.7.2023 से 23.7.2024 तक (एक दिन का ब्रेक देकर) विस्तारित करने को अनुमोदन प्रदान किया. | सामान्य प्रशासन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | 73 | 25 अप्रैल 2023 को आयोजित बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट. | बोर्ड ने 25.4.2023 को आयोजित बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट किया. | सामान्य प्रशासन |
| 29. | 74 | 4 मई 2023 को आयोजित बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट. | बोर्ड ने 4.5.2023 को आयोजित बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट किया. | सामान्य प्रशासन |
| 30. | 75 | बिक्री संख्या 2222 दिनांकित 28.03.2023 में बेचे गए लॉटों के बयाना धन जमा हेतु नियत तिथि के भीतर बयाना धन जमा पर जीएसटी की गैर-अदायगी. | बोर्ड ने नोट के पैरा 16 के उप-पैरा 6 में दिए गए यातायात प्रबंधक के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | यातायात प्रबंधक |
| 31. | 76 | मुंबई अंतरराष्ट्रिय क्रूज टर्मिनल, मुंबई के लिए इंदिरा गोदी में खोद कर जगह बनाना. | बोर्ड ने नोट के पैरा 5 में दिए गए विस्तृत विवरण के अनुसार प्रस्तावित 4 भूमि के टुकडों को घेरकर चहार दीवारी के निर्माण के मुख्य अभियंता के प्रस्ताव को अनुमोदित किया. | स्थापत्य अभियांत्रिकी |

------------